आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री का आभार जताया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा झारखंड के पुलिसकर्मियों को क्षतिपूर्ति अवकाश दिये जाने के फैसले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडेय, उपाध्यक्ष अरविंद यादव, महामंत्री अक्षय राम, प्रांतीय वरीय संयुक्त सचिव मो महताब आलम, संगठन सचिव अंजनी कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# ग्लोबल ऑर्डर एंड डिसऑर्डर पर व्याख्यान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर लोक प्रशासन विभाग के द्वारा अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता थे, केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड के इंटरनेशनल रिलेशन विभाग के प्राध्यापक डॉ विभूति भूषण विश्वास। विषय था, वैश्विक व्यवस्था और अव्यवस्था .. समकालीन परिदृश्य और अनिवार्यताएं। व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने स्वतंत्रता के बाद विभिन्न आर्थिक मॉडलों की चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने विद्यार्थियों को काफी सरल तरीके से देश की अर्थव्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान परिवेश में हम डिजिटल इंडिया की बात करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने की राह पर अग्रसर हैं। डॉ विभूति भूषण विश्वास ने आजादी के बाद के राजनीतिक परिवेश में परिवर्तन को रेखांकित किया। डॉ विभूति भूषण ने काफी विस्तार से वर्तमान परिवेश में वैश्विक आर्डर एंड डिसऑर्डर पर अपना व्याख्यान दिया। इसके पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। विषय प्रवेश लोक प्रशासन विभाग की समन्वयक डॉ रीना नंद ने किया। मंच संचालन तैयब अली तथा धन्यवाद ज्ञापन शिवम ने किया। कार्यक्रम में डॉ शुचि संतोष बरवार, डॉ शमा सोनाली, डॉ विनय भरत के अलावा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# 'बूस्टर डोज से कोरोना से बचा जा सकता है'



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई एवं यूनिसेफ, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के बॉलीबॉल ग्राउंड से कोविड-19 बूस्टर डोज जागरूकता अभियान का शुभारंभ रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने एनएसएस के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना को बूस्टर डोज लगा कर हराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रथम एवं द्वितीय टीका लगानेवाले सभी को बूस्टर डोज लेना अनिवार्य है। कुलपति द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली आरयू परिसर से निकल कर एल्बर्ट एक्का चौक, शहीद चौक, जयपाल सिंह स्टेडियम, समाहरणालय, कचहरी चौक होते हुए पुनः आरयू परिसर में समाप्त हुआ। कार्यक्रम को एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार, वोकेशनल कोर्सेस की उप निदेशक सह ओएसडी डॉ स्मृति सिंह, यूनिसेफ की कंसलटेंट डॉ प्रियंका सिंह ने भी संबोधित किया। जागरूकता रैली को एनएसएस के दिवाकर आनंद, अमन, सुभाष, सुंबुल, खुशी, रानी, पूनम, संजीदा, उज्ज्वल, आदित्य, संदीप, प्रियंका, फिज्जा, रिया, पुरुषोत्तम आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## उपलब्धि : उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी को एक और सम्मान

# डायलॉग इंडिया की रैंकिंग में पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्र में सातवां स्थान

**सूची में झारखंड से शामिल होने वाली एक मात्र यूनिवर्सिटी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी को एक और सम्मान हासिल हुआ है। डायलॉग इंडिया द्वारा की गयी पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के कॉलेजों और यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी को सातवां स्थान मिला है। खास बात यह है कि इस सूची में शामिल होनेवाली यह यूनिवर्सिटी झारखंड का एकमात्र निजी यूनिवर्सिटी है। बता दें कि इसी महीने उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी को ओपन पत्रिका द्वारा किये गये अखिल भारतीय सर्वेक्षण में बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रमों के लिए झारखंड में शीर्ष निजी विश्वविद्यालय का स्थान हासिल हुआ था। उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी विरासत, मान्यता प्रक्रिया, अनुसंधान और अकादमिक प्रतिभा, बुनियादी ढांचे, परिसर की सुविधाओं, व्यक्तित्व विकास, सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों, प्लेसमेंट और कैरियर के विकास के दृष्टिकोण से लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहा है। इसने बीसीए के मानदंड के तहत 1000 में से कुल 514.9 स्कोर किया था, वहीं दूसरी ओर बीबीए के मानदंड के एक भाग के रूप में इसने 1000 में से 576.7 अंक प्राप्त किया था। संस्थान की इस कामयाबी पर कुलपति मधुलिका कौशिक, रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, उप रजिस्ट्रार डॉ लीना श्रीवास्तव, रेणु लाल, डीन ऑफ एकेडेमिक्स प्रोफेसर हिमांशु नारायण, डॉ अभिषेक पांडेय आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# युवा दस्ता की बैठक में श्री दुगार्पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** युवा दस्ता की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री दुर्गा मंदिर बड़ा तालाब रांची के प्रांगण में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक में श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2022 को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता राजेश गुप्ता छोटू एवं संचालन राहुल सिन्हा चंकी ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन पीयूष आनंद ने दिया।

बैठक में श्री दुगार्पूजा मोहत्सव को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2022 को परंपरागत तरीके से मनाया जायेगा। युवा दस्ता जिला प्रशासन एवं श्रद्धालुओं के बीच समन्वय बना कर कड़ी का काम करेगी एवं पूजा के दौरान होने वाले समस्याओं से राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को अवगत कराने का काम करेगी।

युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2022 को परंपरागत तरीके से मनाने के लिए युवा दस्ता अपना सहयोग करेगा। बैठक में लंकेश सिंह, मुकेश कंचन, राकेश राम, युवराज पासवान, राकेश सिंह, उमा शंकर तांती, अभय सिंह, मदन साहू, मनीष साहू, सुनील कुमार, संदीप रजक, अंकित सिंह, अमरदीप साहू, बलराम प्रसाद, रितेश साहू, उपेंद्र रजक, रमेश सिंह, राम मनोज साहू, प्रदीप साहू, अभिषेक चौधरी, मनीष साहू, अंकित सिंह, अजित भारद्वाज, परमीत राज, प्रथम आनंद, निखिल चौधरी, छोटू पासवान, राहुल चौधरी, सपन बोस, अरविंद सोनी, नेहाल कुमार, ज्योति शंकर साहू ने पूजा महोत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# रांची वीमेंस कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहित्य एवं पर्यावरण विषय पर दो दिवसीय सेमिनार में शामिल हुए कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा**



**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज के मैत्रेयी सभागार में साहित्य एवं पर्यावरण विषय पर दो दिवसीय (26-27 अगस्त) 'इको क्रिटिसिज्म' नामक सेमिनार का आयोजन किया गया। पर्यावरण, पारिस्थितिकी एवं साहित्य के साथ इसका संबंध एवं संरक्षण जैसे विषय को लेकर इस महत्वपूर्ण सेमिनार के चीफ पेट्रन सह मुख्य अतिथि कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा रहे। सेमिनार का शुभारंभ कुलपति एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यपाकों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस सेमिनार में रांची विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों के अलावा अन्य विश्वविद्यालयों एवं राज्यों के प्राध्यापकों एवं प्रबुद्ध लोगों ने हिस्सा लिया और उन्होंने प्रकृति तथा साहित्य के संबंधों, मनुष्यों द्वारा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण से किये जा रहे खिलवाड़ एवं इसके संरक्षण के लिए सुझावों पर अपने विचार व्यक्त किये। चीफ पेट्रन सह मुख्य अतिथि कुलपति प्रो डॉ एके सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति के साथ हमने बहुत ही दुर्व्यवहार किया है और इसे बहुत नुकसान भी पहुंचाया है। अगर हम आबादी को देखे तो पायेंगे कि हम पीढ़ी दर पीढ़ी ज्ञान को प्राप्त करते आये हैं लेकिन पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के विनाश से साहित्य, संस्कार एवं ज्ञान का अगली पीढ़ी में जाना भी रूक जाता है। पहले जिस सारंडा जंगल के घना होने के कारण जून के दोपहर में भी टॉर्च जला कर लोग जाते थे, वहां आज कार से लोग जा रहे हैं। 7000 फुट की ऊंचाई पर भी होटल बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तसर के क्षेत्र से जुड़े होने के कारण प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ मेरा लगाव रहा है। कुलपति ने कहा कि कोरोना ने हमें बताया कि हम कहां गलत हैं और हमारे संयमित रहने से प्रकृति किस प्रकार खुद को तेजी से सुधारती है। कुलपति ने इस सेमिनार के आयोजन की सराहना करते हुए सभी आयोजकों को इसके लिए बधाई दी और कहा कि इसमें छात्र छात्राओं को भी भाग लेने एवं बोलने का अवसर देना चाहिए। संबलपुर विश्वविद्यालय ओड़िशा के प्राध्यपक डॉ कालीदास मिश्रा ने वेदों उपनिषदों के उद्धरण से प्रकृति के साथ मनुष्यों के संबंध को बताया। एसबीके विश्वविद्यालय पुरुलिया के प्राध्यापक डॉ अपूर्वा साहा ने अपने आंकड़ों एवं शोध के माध्यम से बताया कि किस तरह से पर्यावरण एवं पारिस्थिकी के बर्बादी से साहित्य एवं भाषा की विलुप्ति हो जाती है।

## राज्यस्तरीय 11वीं कृषि गणना 2021-22 के लिए मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यशाला

# कृषि भूमि डाटा संग्रहण का कार्य संवेदनशीलता से करने की जरूरत : एल ख्यांगते

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ने एल ख्यांगते ने कहा कि आज सुखाड़ की समस्या बढ़ रही है। ऐसे में पानी की कमी एक बड़ी चुनौती बनकर कृषि पैदावार को प्रभावित कर रहा है। मिट्टी में न्यूट्रिशियंस की कमी होती है, तो खाद्य सामग्री पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। इसलिए कृषि के क्षेत्र में काफी बड़ी चुनौती है। एल ख्यांगते शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय 11वीं कृषि गणना 2021-22 के लिए मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यशाला में कही। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि कृषि भूमि का डाटा संग्रहण काफी महत्वपूर्ण कार्य है और इसे संवेदनशीलता के साथ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मिट्टी की एक उम्र होती है और उत्पादन क्षमता की भी एक सीमा होती है। हमें इस बात पर फोकस करना होगा कि कृषि उत्पादन में ज्यादा से ज्यादा पानी का कैसे बचाव किया जाये।

**कृषि के क्षेत्र में प्लानिंग के तहत काम करने की जरूरत : अबू बकर सिद्दीकी**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबुबकर सिद्दीकी ने कार्यशाला में कहा कि किसानों के जीवन स्तर को अगर ऊपर उठाना है, तो कृषि के क्षेत्र में प्लानिंग बहुत जरूरी है और प्लानिंग के लिए डाटा साइंस बुनियाद होती है। इसलिए विकास योजना के सूत्रण के लिए डाटा एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कृषि संगणना का उद्देश्य यह है कि परिचालन जोतों की संख्या तथा परिचालन जोतों के क्षेत्र, भूमि उपयोग, फसल पैटर्न, इनपुट उपयोग के पैटर्न आदि के आधार पर कृषि क्षेत्र की संरचना और विशेषताओं का वर्णन करना। साथ ही तहसील, ग्राम स्तर तक बेंच मार्क डाटा प्रदान करना, जो नये कृषि विकास कार्यक्रम शुरू करने और उनकी प्रगति के मूल्यांकन के लिए आवश्यक है। भविष्य के कृषि सर्वेक्षण के लिए परिचालन जोत का सांख्यिकी आधार प्रदान करना है। भारत सरकार के निर्देश पर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में निदेशक भू अर्जन उमाशंकर सिंह, निदेशक अर्थ एवं सांख्यिकी संजीव बेसरा, कृषि मंत्रालय भारत सरकार के रौशन कुमार सिंह एवं प्रणव दत्त, कोलकाता से अर्णब घोष सहित सभी जिला के अपर समाहर्ता, अंचलाधिकारी, सीआई मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### लिटिल विंग्स स्कूल में मदर टेरेसा की जयंती मनी



रांची (आजाद सिपाही)। बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में मदर टेरेसा की जयंती मनायी गयी। विषेश प्रार्थना सभा में प्राचार्या नीता सिंह ने मदर टेरेसा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सभी विद्यार्थी और शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया। विद्यालय निदेशक रमेंदर कुमार ने सभी विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल को अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक



रांची (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड स्कूल रांची की कक्षा 12वीं के दो छात्रों प्रतीक कुमार साहा को अंडर-17 एवं निकेत राज तिर्की को अंडर-19 तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक मिला। यह प्रतियोगिता नेपाल के पोखरा में 17 अगस्त से 19 अगस्त के बीच आयोजित की गयी थी। इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने विजयी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय को इन दोनों छात्रों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थियों में प्रतिभाओं की प्रचुरता है। आवश्यकता है उन्हें समय-समय पर निखारते रहने की। उन्होंने इस सफलता के लिए तीरंदाजी शिक्षक प्रेम पूर्ति के महत्वपूर्ण योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं। उप प्राचार्य केआर झा ने कहा कि हमें इन दोनों छात्रों पर गर्व है। इसके साथ ही साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से शिक्षकों की विशेष सहभागिता के लिए केआर झा, राजकिशोर शर्मा, कुमारी वीणा, श्वेता गुहा, अशोक प्रसाद सिंह, सोमा लाहिरी और सूरज कुमार को पुरस्कृत किया गया। इसके तहत उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

### सेमेस्टर दो की मिड परीक्षा शुरू



रांची (आजाद सिपाही)। स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग, रांची विश्वविद्यालय की 2021-23 सत्र की सेमेस्टर दो की मिड परीक्षा आरंभ हुई, इसको सफल बनाने के लिए विभागाध्यक्ष डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ रीझु नायक, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, शोधार्थी रवि कुमार और बिक्की मिंज आदि। परीक्षा शांतिपूर्ण रही।

### 'भारतीय संस्कृति में भगवान शिव' विषय पर दो दिनी कार्यशाला आज से

रांची (आजाद सिपाही)। शिव शिष्य हरींद्रानंद फाउंडेशन के तरफ से 27 और 28 अगस्त को 'भारतीय संस्कृति में भगवान शिव' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अग्रसेन भवन रांची में किया गया है। आयोजित कार्यशाला में भारत के विभिन्न राज्यों से 450 लोग शामिल होंगे। कार्यशाला में वरेण्य गुरुभ्रता साहब हरींद्रानंद का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यशाला में भारतीय संस्कृति में भगवान शिव विषय पर व्याख्यान दिया जायेगा।

### बैक डोर से सरकार बनाने का सपना देख रही है भाजपा : राजद

रांची (आजाद सिपाही)। राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा बैक डोर से सरकार बनाने का सपना देख रही है । भाजपा जनता की ओर से जनता के लिये चुनी हुई सरकार को ऐन केन प्रकारेण हटाकर खुद सत्ता पर काबिज होने की सपना देख रही है, जो नामुमकिन है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भाजपा काफी बेचैनी में है भाजपा को इतनी बेचैन नहीं होनी चाहिए सब्र करना चाहिए। डॉ कुमार ने कहा कि भाजपा सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक षड्यंत्र कर रही है। सत्ता पक्ष को परेशान करने में लगी है। जो लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। झारखंड में यूपीए गठबंधन तटस्त है एकजुट है। सरकार पर कोई संकट नहीं, यूपीए गठबन्धन के पास पूरा आंकड़ा है।

### रांची डीसी और एसएसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल के नेतृत्व में शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च मेन रोड से सुजाता चौक तक और डोरंडा तक निकाला गया। इस दौरान पीसीआर, टाइगर मोबाइल और अन्य वाहनों से पुलिसकर्मी फ्लैग मार्च कर रहे थे। डीसी और एसएसपी पैदल ही फ्लैग मार्च कर रहे थे। इस दौरान डीसी और एसएसपी ने लोगों से शांति बनाने की अपील की। एसएसपी ने बताया कि एहतियात के तौर पर फ्लैग मार्च निकाला गया है। बताया जा रहा है कि हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में एक वीडियो वायरल होने के बाद अल्बर्ट एक्का चौक से सुजाता तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। सुरक्षा को लेकर लगभग ढाई हजार जवानों को तैनात किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल को अलग किया गया है।

### दिसंबर में फोरलेन के टेंडर का काम पूरा होने और झारखंड सरकार से बात करने का दिया आश्वासन

# खूंटी में बाइपास सड़क का निर्माण कार्य दिसंबर से : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता


केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का अभिनंदन करते पुलिस-प्रशासनिक आला अधिकारी।

**खूंटी।** खूंटी की जनता की वर्षों पुरानी बाइपास सड़क निर्माण की मांग जल्द पूरी होने जा रहा है। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा ने जिले की जनता को बाइपास सड़क की सौगात देने का आश्वासन देते हुए कहा कि दिसंबर महीने तक बाईपास सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। कचहरी परिसर स्थित बार भवन में जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का अभिनंदन किया। केंद्रीय मंत्री के अभिनंदन कार्यक्रम में कई अधिवक्ताओं द्वारा खूंटी के विकास के लिए सुझाए गए महत्वपूर्ण विषयों को केंद्रीय मंत्री ने सराहा और कहा कि खूंटी के विकास के लिए मैं सतत प्रयत्नशील हूं। बाईपास सड़क निर्माण के लिए दिशा की बैठक में बात हुई है। महज कुछ औपचारिकता बची हुई है, वह जल्द पूर्ण होने पर नवंबर से दिसंबर तक फोरलेन बाईपास सड़क का टेंडर का काम पूरा हो जाएगा। रक्षा विश्वविद्यालय के मामले पर उन्होंने कहा कि मैंने रक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति से बात की है। आगे इस विषय पर राज्य सरकार से भी बात करूंगा। इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्री ने खूंटी में महिला कॉलेज की स्थापना के विषय पर भी राज्य सरकार से बात करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि रोज-रोज के सड़क जाम से परेशान शहरवासी वर्षों से शहर में बाईपास सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। बाईपास सड़क निर्माण की मांग को लेकर कुछ माह पूर्व हजारों शहर वासियों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भी सौंपा गया था और उनसे अविलंब शहर में बाईपास सड़क निर्माण की मांग की गई थी। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल राम, महासचिव शैलेंद्र श्रीवास्तव, आशुतोष भगत, रमेश जायसवाल, कृष्ण कुमार भगत, महेंद्र सिंह, लाल रूपेन्द्र नाथ शाहदेव, भोलानंद तिवारी, विभाष बनर्जी, अरुण कुमार सुरीन, गोपाल राम गौंझू, गौतम सेन गुप्ता, वरुण कंठ सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

## नागरिकों ने सांसद के प्रति जताया आभार

दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्री की इस पहल को जिला वासियों ने जमकर सराहा। नागरिकों ने कहा कि सांसद अर्जुन मुंडा लगातार खूंटी क्षेत्र के विकास की पहल कर रहे हैं। जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, मुनीनाथ मिश्रा, महेंद्र भगत, रमेश मांझी, राजीव साहू, रवि साहू बबलू ठाकुर, डब्लू, मदन मोहन मिश्रा सहित कई लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए सांसद के प्रति आभार जताया है।

## गजराजों का आतंक, दो लोगों के घरों को तोड़ा



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कसीरा बगीचा टोली में गुरुवार मध्य रात्रि दो जंगली हाथियों ने हरखनाथ परधिया और मरधन उरांव के घर को तोड़ दिया और घर में रखे अनाज व अन्य सामान को नष्ट कर दिया। हरखनाथ परधिया ने बताया कि रात परिवार के सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। तभी 12 बजे दो जंगली हाथियों ने सूंड और पैर से लाता मारकर दीवार तोड़ दिया। उसने बताया कि परिवार के लोग सभी लोग किसी तरह घर से निकल कर दूसरे के घर में जाकर रात गुजारी। कुछ देर के बाद दोनों जंगली हाथी जंगल की ओर चले गये। हरखनाथ ने बताया कि घर की दीवार तोड़े जाने से घर के बर्तन बर्बाद हो गये। शुक्रवार की सुबह वन विभाग के कर्मचारी और बमरजा मुखिया अनूप कुजूर कसीरा बगीचा टोली जाकर मामले की जानकारी ली। मुखिया ने रेंजर से तत्काल पीड़ितों को मुआवजा देने की बात कही। मुखिया ने बताया कि ये जंगली हाथी आठ दिनों से कसीरा जंगल में डेरा जमाये हुए हैं। मुखिया ने फोरेस्ट विभाग से गांव वालों को तत्काल फटाखा और टॉर्च की मांग की है।

## बच्ची से दुष्कर्म, ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़ कर पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के उड़ीकेल गांव की सीमा पर गाय-बैल चरा रहे दूसरे गांव की 11 साल की बच्ची से बुधुवा भेंगरा नामक एक युवक ने दुष्कर्म किया। घटना गुरुवार शाम की है। पीड़िता ने रात को अपने घर वालों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद शुक्रवार को स्वजन जरियागढ़ थाने में जाकर मामला दर्ज कराया। हालांकि उससे पहले सुबह ही पीड़िता के गांव वाले दुष्कर्मी को पकड़ कर ले गया और जमकर उसकी धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मारपीट में घायल युवक की मौत, तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू थाना अंतर्गत डुलुवा गांव में पिछले दिनों जमीन विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच हुई मारपीट में घायल युवक रामरतन सिंह (37) नामक युवक की शुक्रवार को मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के चचेरे भाई करमदयाल सिंह ने मुरहू थाने में तीन लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। करमदयाल सिंह ने बताया कि गत तीन अगस्त को एक जमीन को लेकर आरोपितों के साथ विवाद व मारपीट की घटना हुई थी। इस घटना में रामरतन घायल हो गया था। उसका इलाज घर में ही कराया जा रहा था। इस घटना के बाद वह बीमार पड़ गया। तब ससुराल वाले उसे बुंडू ले गए। शुक्रवार को उसकी हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए रांची ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। मुरहू थाना प्रभारी पंकज दास ने बताया कि मृतक के स्वजनों द्वारा मिले आवेदन के आधार पर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## बचरा में हुई भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में भाषा खतियान संघर्ष समिति की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के युवक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता विजय महतो एवं संचालन दीपक महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 1932 को लेकर झारखण्ड सरकार द्वारा स्थानीय नीति बनाने की मांग की गई। साथ ही वर्तमान में झारखंड सरकार द्वारा बनाये गये स्थानीय नीति का पुरजोर विरोध किया गया। बैठक में 11 सितंबर को बचरा श्रमिक क्लब में 1932 खतियान के समर्थन में विशाल सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से शामिल होने की अपील की गई। इस दौरान मौके पर विकास महतो, महेंद्र कुमार,जोधन महतो, शैलेंद्र उरांव, शंकर महतो, प्रमोद कुमार, अनिल महतो, कृष्णा यादव, जितेन्द्र कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नेहरू क्लब ने जीता उद्घाटन मैच



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुरी दक्षिणी पंचायत के अम्बाटोंगरी में सरना स्पोर्टिंग क्लव की ओर से चार दिवसीय खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन पंचायत के मुखिया मलका मुंडा ने फीता काटकर व फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन मैच नेहरू क्लव व डकरा बरटोला के बीच खेला गया। जिसमें नेहरू क्लब के टीम ने बरटोला को 2-0 गोल के अंतर से हराकर मैच जीत लिया। क्लब के लोगों ने बताया कि चार दिनों तक चलने वाले टूर्नामेंट में विजेता टीम को बड़ा खस्सी व शील्ड और उपविजेता टीम को छोटा खस्सी व शील्ड दिया जाएगा। इस मौके पर सोनू यादव, भीम यादव, कुलदीप मुंडा, जगदीश गंझू, विनोद मुंडा, कारू यादव, रामकुमार, तारकेश्वर यादव, राजेश, विजय आदि उपस्थित थे।

## खलारी प्रखंड में मनरेगा के तहत चल रहा 304 दीदी बाड़ी और नौ खेल मैदान का निर्माण कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



मनरेगा अंतर्गत योगजाओं की समीक्षा करते बीडीओ।

**खलारी।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में मनरेगा अंतर्गत दीदी बाड़ी व खेल मैदान निर्माण योजनाओं को पूर्ण करने संबंधी समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ लेखराज नाग ने किया। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रखंड के नौ पंचायतों में कुल 304 दीदी बाड़ी निमार्णाधीन है। वहीं वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान योजना से आठ पंचायतों में नौ खेल मैदान निमार्णाधीन है। दीदी बाड़ी योजनाओं के बारे में बताया गया कि विश्रामपुर, चुरी मध्य, हुटाप व लपरा के सभी योजनाओं, बमने पंचायत के 70 में से 33 योजनाओं, चुरी दक्षिणी के 32 में से 15, मायापुर के 61 मे से 32 व राय पंचायत के 45 मे से 9 योजनाओं को 15 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं बमने पंचायत के खेल मैदान को 3 सप्ताह के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। विश्रामपुर व बुकबुका के मैदान को डेढ़ माह के अंदर, चुरी पूर्वी का दो सप्ताह, चुरी मध्य, हुटाप, तुमांग व राय के एक मैदान को एक माह के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। समीक्षा बैठक में सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।

## तुमांग पंचायत में 29 से शुरू होगा आधार सेवा केंद्र

**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग पंचायत भवन में 29 अगस्त से आधार सेवा केंद्र शुरू होगा। इस संबंध में केंद्र संचालक रितेश ने बताया कि सोमवार से तुमांग पंचायत भवन में आधार सेवा केंद्र का शुरूआत किया जाएगा। जिसमें आधार कार्ड बनाने, नाम सहित आधार से संबंधित सभी त्रुटियों को सुधारा जाएगा। वहीं मुखिया संतोष कुमार महली ने बताया कि आधार कार्ड संबंधित परेशानी को देखते हुए पंचायत भवन में आधार सेवा केंद्र की शुरूआत की जा रही है ताकि ग्रामीण अपनी आधार कार्ड में सुधार संबंधित सभी कार्य हो। उन्होंने लोगों से आधार केंद्र आकर त्रुटि को दूर कराने की बात कही।

## असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा स्थित यूसीडब्ल्यू के क्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार को यूसीडब्ल्यू असंगठित कमेटी एनके पिपरवार की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षा चंदन शर्मा व संचालन जीतेन्द्र कुमार सिंह ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि यूनियन एनके एरिया सचिव प्रेम कुमार उपस्थित थे। बैठक में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें टंडवा एवं खलारी प्रखण्ड क्षेत्र के सभी मजदूरों से संपर्क करना, उनके आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए योजना बनाकर सकारात्मक कार्य करना, सभी प्राइवेट कोल कंपनियों में कार्य कर रहे मजदूरों के हितों के लिए प्रयास किये और मजदूरों का शोषण कर रही कंपनियों के विरूद्ध आंदोलन करना शामिल था। वहीं खलारी सिमेंट फैक्ट्री में स्थानीय एसवं सेवानिवृत कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार के लिए सकारात्मक कारवाई यूनियन द्वारा किया जाएगा। वहीं, सचिव प्रेम कुमार ने एनके पिपरवार असंगठित कमेटी के पदाधिकारियों को यूनियन की कार्यप्रणाली संबंधित कई अहम जानकारियां भी दी। बैठक में मुख्य रूप से अशोक राम, आनंद तुरी, नारद राम, सुदामा राम, अजमल अंसारी, सुरेन्द्र राम, सागर राम, ड्रोला राम, धीरज बहादुर आदि उपस्थित थे।

## प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को करने पर बनी सहमती



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** बुकबुका पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान बिनोद मुण्डा ने की। इस दौरान बुकबुका पंचायत मुखिया पारसनाथ उरांव, उप मुखिया निलम मिंज एवं पंसस धीरज कुमार बहादुर की उपस्थिति में पंचायत की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को करने पर सहमती बनी। ग्राम सभा में सबकी योजना सबका विकास के आधार पर योजनाओं का चयन किया गया। मुखिया पारसनाथ उरांव ने कहा कि ग्रामसभा द्वारा पंचायत व गांवों के सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए ग्रामीणों की सहमती से बेहतर योजनाओं का चयन किया गया है। उन्होने कहा कि पंचायत में भूमि के नहीं होने से कई लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वह जल्द ही खलारी बीडीओ एवं सीओ से मिलकर इस समस्या से उन्हें अवगत कराएंगे। ग्राम सभा में वार्ड सदस्य रश्मि अरोड़ा, पुष्पा देवी, सुनीता देवी, मुकेश राम, प्रतिमा देवी, जानकी नायक, इंदु देवी, साधना सुचिता एक्का, प्रकाश कुजूर, राजा केसरी, अजय तुरी, सोनू तुरी, मोनू सिंह, अजय सिंह, पवनराज सिंह, सुनील कुमार, रंजीत कुमार, राजेष उरांव, जुगल प्रसाद कश्यप आदि थे।

### खूंटी डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

# जिले के हर व्यक्ति को बेहतर चिकित्सा सेवा देना प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में उपायुक्त ने एमओआइसी और चिकित्सकों के कार्य व दायित्वों के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की। डीसी ने कहा कि उचित स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ अस्पताल प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने सभी एमओआइसी को निर्देशित किया कि आधारभूत संरचना, दवा की उपलब्धता और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सूची उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में आवश्यक उपकरणों व संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक सभी एम्बुलेंस में उपलब्ध संसाधनों को दुरुस्त करते हुए व्यवस्थित करने का डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने समय-समय पर प्राशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने का भी निर्देश दिया। कहा कि संसाधनों का पूर्ण व उचित प्रयोग अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डिस्पेंसरी में आवश्यक दवा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी योग्य लाभुक का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए, ताकि हर एक जरूरतमंद व्यक्ति को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सके। डीसी ने अड़की प्रखंड के सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमटीसी सेंटर को जल्द से जल्द क्रियाशील करने का निर्देश दिया। साथ ही सदर अस्पताल व एमसीएच अस्पताल की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान डीसी ने निर्देश दिए कि मेडिकल यूनिट को मजबूत किया जाय। साथ ही एमसीएच में स्त्री रोग, आंख व शिशु रोग ओपीडी का संचालन करने का निर्देश दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर में प्रधानाचार्य रंथु साहू के निर्देशन में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना कार्यक्रम को लेकर विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम के विषय वस्तु पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विषय वस्तु के अंतर्गत स्वास्थ्य बढ़ाना, भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, मूल्य एवं जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर समानता, पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता, मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम और प्रबंधन, स्वास्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन स्वास्थ्य और एचआईवी की रोकथाम, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा, इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना, मानव तस्करी, बाल विवाह, दहेज प्रथा, सामाजिक और ड्डावनात्मक कौशल पर बच्चों के बीच प्रतियोगिता करायी गयी। कक्षा 6 से 8 तक के सभी बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में अक्शा परवीन, विक्की कुमार सोनी, सोनामुनी कुमारी, अनुष्का कुमारी, पूजा कुमारी, सूरज कुमार महतो, पंकज कुमार महतो, बिंदिया कुमारी और शिवम कुमार यादव का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्रधानाचार्य रंथु साहू ने कहा कि किशोर प्रजनन स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता दूसरों के लिए चिंता और बड़ों के लिए सम्मान और बालिका बचाओ के साथ अन्य गतिविधियां के बारे में क्षेत्रीय से राष्ट्रीय स्तर पर किशोर किशोरियों के बीच जागरूकता पैदा करने का कार्य करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहू, सुभाष उरांव और अरुणा उरांव का योगदान सराहनीय रहा।

## झारखंड पब्लिक स्कूल में कैंटीन का उद्घाटन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को कैंटीन का उद्घाटन किया गया। इस दौरान स्कूल के निदेशक अभिषेक चौहान की उपस्थिति में मुख्य अतिथि देवनारायण गंझू द्वारा फीता काट कर कैंटीन का उद्घाटन किया गया। निदेशक अभिषेक चौहान ने बताया कि केंटीन खोलने का मुख्य उद्देश्य स्कूल के बच्चों के लिए दैनिक जरूरत एवं खाने पीने का सामान उपलब्ध होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश कुमार महतो, किरण देवी, नवल कुमार दास, रीता कुमारी, गीता देवी, संजना श्रीवास्तव, आरती सिंह, महेन्द्र चौहान, संदीप महतो, गणेश महतो आदि उपस्थित थे।

## कल्याणपुर-कारो मुख्य मार्ग पर हादसों का सिलसिला जारी, 24 घंटे में तीन दुर्घटनाओं से ग्रामीण हुए भयभीत



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर से लेकर कारो गांव तक सड़क की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। खराब सड़क में भी कोल वाहनों की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रहा है, जिस कारण हादसो का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटे में इस मार्ग पर तीन दुर्घटना हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों मे डर का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार हजारीबाग से बिजुपाड़ा भाया कल्याणपुर, किचटो, बिलारी, डकरा, खलारी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन कुछ जगहों पर मुआवजा नहीं मिलने से जमीन अधिग्रहित नहीं किया गया है। वैसे जगहों पर सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है। जिसमें कल्याणपूर चौक से कारो गांव तक रोड नहीं बन सका है। पहले से जर्जर इस रोड मे कोल वाहनों के परिचालन के कारण यह सड़क और भी भयावह हो चुका है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क इतना खतरनाक हो गया है कि यदि किसी मरीज को ले जाया जाए तो उसका दम निकल जाए। जर्जर सड़क में आये दिन छोटी वाहन फंस रहा है। वहीं बाईक सवार गिरकर घायल हो रहे है। ग्रामीणों ने कहा कि बुधवार की दोपहर तेज रफ्तार हाईवा ने बिलारी मे एक मवेशी को कुचल डाला, उसके कुछ घंटे बाद देर रात को कल्याणपूर चौक में अनियंत्रित हाईवा ने बिजली पोल को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं कल्याणपूर कोल डंप के पास एक ट्रक पलट गया, जिसमें चालक भी घायल हो गया। लगातार हो रही घटना से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। इस मार्ग पर चलने वाले आमलोगों सहित स्कूली बच्चों में भी डर देखा जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। प्रमुख रीना कुमारी और जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव ने कहा कि कल्याणपूर से कारो गांव तक जर्जर सड़क और उसमे कोल वाहन के परिचालन से दुर्घटना बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर जल्द चतरा के डीसी से मुलाकात कर इसके समाधान की मांग की जाएगी।

## पिपरवार में बिजली की समस्या से लोग परेशान

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों के लोग बिजली की समस्या से परेशान है। भीषण गर्मी में आवासीय कालोनी में बिजली गुल होने से लोगों के पसीने छुट रहे है। बच्चों से लेकर बढ़ो तक बिजली से परेशान है। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ महीनों से बिजली काटने की शिकायत ज्यादा मिल रही है। दिन के अलावे रात में भी घंटों बिजली काटी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मौसम सामान्य रहने के बावजूद घंटों बिजली गुल रहती है। विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बिजली की लचर व्यस्था से कोल कर्मियो सहित उनके आश्रितो को काफी परेशानी हो रही है। पिपरवार क्षेत्र के मस्जिद कालोनी, काली मंदिर रोड, 64 कालोनी, 122 कालोनी, 172 कालोनी, एलो कालोनी, पीपल चौक सहित अन्य जगहों पर गुरुवार की रात से विद्युत आपूर्ति ठप रही जो शुक्रवार की शाम को बहाल हुई। इधर अशोक विहार कालोनी, सुर विहार, आनन्द विहार, वनबीआर, सीआईएसएफ, टीएच और माईन्र्स कालोनी में दिनभर बिजली की आंख मिचौनी जारी रहा। वहीं, लगातार बिजली काटे जाने से लोगों को काकी परेशानी हुई। वहीं ग्रामीण इलाको में भी बिजली की समस्या लोगो के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई है। इधर कोयलांचल मे बिजली की समस्या को लेकर आरसीएमयू एरिया अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सचिव रामचन्द्र उरांव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार सहित कई अन्य लोगों ने सीसीएल प्रबधंन से बिजली व्यवस्था ठीक करने की मांग की है।

